# पैरीवेयर ने नये डिजिटल प्लेटफॉर्म कैम्पेन Parryware Safe-Buy से उपभोक्ताओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक खरीदारी अनुभव को और मजबूत किया

## बस एक क्लिक पर बाथरूम से जुड़ी सभी जरूरतों के लिये एक ही जगह संपूर्ण समाधान

**जबलपुर।** पैरीवेयर भारत में सैनिटरीवेयर प्रोडक्ट्स का सबसे बड़ा उत्पादक ब्राण्ड है। उसने कोविड-19 महामारी के बीच उपभोक्ताओं को खरीदारी का अबाध और स्पर्शरहित अनुभव देने के लिये अपने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म 'पैरीवेयर सेफ-बाइ' के माध्यम से अपने उत्पादों की खरीद ज्यादा आसान बनाकर अपनी पैठ को और मजबूती दी है। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म पेरीवेयर के उत्पादों को खोजने, उनका उपभोग करने और उन्हें खरीदने, सर्विस और मरम्मत से जुड़े सवालों के लिये प्लम्बिंग टेक्निशियंस को बुक करने, और अपने घर या कार्यस्थल से सुविधा के साथ नजदीकी रिटेल पार्टनर्स और उत्पाद विशेषज्ञों से जुड़ने में यूजर्स की सहायता करता है। पिछले साल लॉन्च हुए डिजिटल प्लेटफॉर्म पेरीवेयर सेफ बाय का लक्ष्य है बाथरूम से जुड़ी सभी चिंताओं को दूर करने के लिये खरीदारी के सबसे सुविधाजनक अनुभव के साथ स्पर्श-रहित और सामयिक समाधान प्रदान करना। इस प्लेटफार्म पर जागरूकता निर्मित करने के लिये पैरीवेयर ने हाल ही में सञ्जडुश्चञ्जश्क्क्ष्ञ मार्केटिंग कैम्पेन लॉन्च किया है, जो दिखाता है कि पैरीवेयर सेफ बाइ किस तरह खरीदारी का सबसे सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव देता है। यह टैप से लेकर पॉट तक, यह सूचना भी देता है कि पैरीवेयर के पास उत्पादों और पीओटी - प्रोडक्ट्स, आउटलेट्स और टेक्निशियंस की संपूर्ण श्रृंखला है, जो आपकी उंगली

के एक इशारे पर उपलब्ध होगी। उपभोक्ता बड़ी संख्या में तकनीक के जानकार बन रहे हैं, इसे देखते हुए कंपनी का लक्ष्य है उपभोक्ताओं को ब्राण्ड का बेहतर अनुभव देना, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन टचपॉइंट्स को आसानी से एकीकृत करता हो। इसके लिये, यह प्लेटफॉर्म यूजर्स को भारत में पैरीवेयर के 10000 से ज्यादा आधिकारिक रिटेल पार्टनर्स और 25000 से ज्यादा प्रशिक्षित प्लम्बर्स और टेक्निशियंस के साथ बिना बाधा के जोड़ता है। इसके अलावा, यूजर्स को ऐसे बाथरूम कॉम्बिनेशंस खोजने की सुविधा देता है, जिन्हें विशेष रूप से सभी मूल्यों के लिये बनाया गया है - 6000 रूपये से लेकर 1.3 लाख रूपये तक में। यह कॉम्बो उन विश्लेषणों और लोकप्रिय मॉडल्स के इस्तेमाल से विकसित किये गये हैं, जिन्हें ग्राहकों ने विगत समय में पसंद किया है। पेरीवेयर सेफ बाय प्लेटफॉर्म पर टिप्पणी करते हुए, रोका पैरीवेयर के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री के.ई. रंगनाथन ने कहा कि, पेरीवेयर में हम ऐसे खोजपरक समाधान प्रदान करने की कोशिश करते हैं।